# न्यायालय अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बसिया (गुमला)

वाद सं0 एम0 133/2021

प्रथम पक्ष– जकलू साहु ।

**बनाम**

द्वितीय पक्ष– एतवा साहु ............ वगैरह ।

...रा 107 द0 प्र0 सं0

| ...देश की ...0 सं0 ... तिथि | **दण्डाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर** | आदेश पर की गई कार्रवाई टिप्पणी एवं तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | उक्त वाद की कार्रवाई थाना बसिया के अप्राथमिकी सं0 01/2021 दिनांक 25/01/2022 के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि **प्रथम पक्ष** (1) जकलू साहु उम्र 45 वर्ष पिता स्व0 कन्दरा साहु, ग्राम सिडिबिडा, थाना–बसिया जिला–गुमला **बनाम द्वितीय पक्ष** (1) एतवा साहु उम्र 36 वर्ष (2) भुआ साहु उम्र 52 (3) मंगरा साहु उम्र 45 वर्ष तीनों पिता स्व0 फागु साहु ग्राम–सिडिबिडा थाना बसिया जिला गुमला के बीच भूमि को लेकर आपसी विवाद का तनाव को लेकर विवाद होने एवं अशांति फैलने की सम्भावना को लेकर प्रतिवेदित किया गया है। तद्नुसार दं0प्र0सं0 की धारा 107 की कार्रवाई नियत तिथि एवं समय में कार्यवाही प्रारम्भ की गई एवं उभय पक्षो को कारण पृच्छा दाखिल करने हेतु नोटिस निर्गत किया।<br><br>निर्गत नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। उभय पक्ष उपस्थित।<br><br>उक्त वाद की कारर्दवाई के दौरान उभय पक्षों द्वारा किसी प्रकार की शांति भंग करने संबंधी सूचना थाना प्रभारी बसिया से अप्राप्त है। वाद पर कार्रवाई की समयअवधि समाप्त हो चुकी है। ऐसी स्थिति में वाद की कार्रवाई बिना गुण दोष के समाप्त की जाती है।<br><br>लेखापित।<br><br>अनुमण्डल दण्डाधिकारी,<br>बसिया (गुमला)<br><br>अनुमण्डल दण्डाधिकारी बसिया (गुमला) | |

Digitally signed by JAIWANTI DEOGAM
Date: 2024.09.06 11:28:40 +05:30
Location: 192.168.1.3